मंडलायुक्त ने कई उद्घाटन कर प्रदर्शनी का निरीक्षण किया

दैनिक आज 23/01/08

अलीगढ़। मंडलायुक्त सीताराम मीना ने धनीपुर हवाई पट्टी पर गरूण अतिविष्टि अतिथि गृह, कलैक्ट्रेट स्थिति जन सूचना केन्द्र टच स्क्रीन कयोस्क तथा स्टेट वाइड एरिया नैटवर्क केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक नागरिक उड्डयन देवेन्द्र स्वरूप जिलाधिकारी भुवनेश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रघुवीर लाल, अपर जिलाधिकारी हरनाम सिंह, विनोद कुमार सिंह, नलिन अवस्थी, डा. सारिका मोहन वरिष्ठ तकनीकी निद. शक/राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एसबी सिंह, मु ख्य विकास अधिकारी प्रभात सिन्हा, नगर आयुक्त विपिन कुमार द्विवेदी नगर मजिस्ट्रेट शेषनाथ, सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश कुमार गंगल मौजूद थे।

कमिश्नर आगरा सीता राम मीना ने सभी कार्यो को देखकर जिलाधिकारी भुवनेश कुमार की काफी सराहना की। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी भुवनेश कुमार के नेतृत्व में जिला काफी उन्नति कर रहा है। आईटी के क्षेत्र में जनपद में आंदोलन का रूप लेता दिख रहा है। धनीपुर हवाई पट्टी पर गरूण अति विशिष्ठ अतिथि गृह की मंडलायुक्त द्वारा काफी सराहना की गयी उन्होने कहा कि अतिथि गृह के कार्य को देखकर यह निर्णय लिया जा सकता है कि राजकीय निर्माण निगम सही मायनों में अपने दायित्वों की पूर्ति कर रहा है। जन सूचना केन्द्र के उद्घाटन के पश्चात मंडलायुक्त ने कहा कि इस टच स्क्रीन के लग जाने से आम जनता को जनपद के आधार भूत आंकड़े, इतिहास, पासपोर्ट, लाइसेंस, रेलवे संबंधी जानकारी कृषकों को खतौनी की नकल, छात्रवृत्ति, निवर्चन, वेतन, सूचना का अधिकार, इंदिरा आवास, महत्वपूर्ण टेलीफोन नंबर, आदि की सीधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

उन्होने कहा कि स्टेट वाइड एरिया नैटवर्क केन्द्र के चालू हो जाने से ब्लाक स्तर पर सीधी वीडियो कांन्फ्रेसिंग कर विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। जिलाधिकारी भुवनेश कुमार ने मंडलायुक्त सीताराम मीना का आभार व्यक्त किया और कराये गये विकास कार्यो का निरीक्षण कराया। जिलाधिकारी ने मंडलायुक्त सीताराम मीना को 28 जनवरी से प्रारंभ होने वाली राजकीय, औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया तथा शिल्पग्राम, कृषि कक्ष तथा मुक्ताकाश मंच के बारे में विस्तार से बताया तथा उसका निरीक्षण भी कराया। इस अवसर पर अपर आयुक्त आगरा लाल प्रसाद भी मौजूद थे।

टच स्क्रीन कयोस्क के द्वार पर उद्घाटन करते मंडलायुक्त सीताराम मीना, पास में डीएम भुवनेश कुमार, एसएसपी रघुवीर लाल, सूचना विज्ञान अधिकारी राजेश कुमार गंगल आदि, फीता काट कर स्टेट बाइड एरिया नेटवर्क केन्द्र का उद्घाटन करते मंडलायुक्त, डीएम, टच स्क्रीन सेट का बटन दवाकर उद्घाटन करते हुए मंडालायुक्त।